एक नजर में

## लघुकथा संग्रह सरकार कब आएंगे का विमोचन



इंदौर. आईसेक्ट भोपाल द्वारा प्रकाशित, डॉ. नीहार गीते के लघुकथा संग्रह, सरकार कब आएंगे के विमोचन अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे, साहित्य अकादमी भोपाल के निर्देशक डॉ. विकास दवे ने कहा, लघुकथा सूक्ष्म से विस्तार लेती है, एक गंभीर सोच को मारक बना प्रस्तुत करती है. मुख्य-अतिथि, रमन विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ. अरुण जोशी ने कहा कि नीहार जी की लघुकथाओं में सामाजिक, पारिवारिक और व्यक्तिगत संघर्षों का सूक्ष्म विश्लेषण मिलता है. पुस्तक पर चर्चा करते हुए विशेष अतिथि डॉ. संगीता पाठक ने कहा 'सरकार कब आएंगे' एक ऐसा लघुकथा संग्रह है जो आधुनिक जीवन और राजनैतिक ताने-बाने को गहराई से समझने और पाठकों के सामने प्रस्तुत करने का सटीक प्रयास है. लघुकथा शोध केंद्र, भोपाल की निर्देशक डॉ. कांता रॉय ने अपने शुभकामना संदेश में कहा पुस्तक समाजशास्त्र, राजनीति और मानव व्यवहार के शोधकर्ताओं के लिए उपयोगी है. पुस्तक की रचना प्रक्रिया पर बोलते हुए लेखिका एवं गुजराती कन्या महाविद्यालय की पूर्व प्राचार्य डॉ. नीहार गीते ने कहा कि, लघुकथा लिखने में संवेदनशीलता ऐसी हो कि दूसरे की पीड़ा से आंसू निकल आएं. ये आंसू ही लघुकथा है. क्षेत्रीय प्रबंधक अभिजीत चौबे ने आभार माना. संचालन वरिष्ठ प्रबंधक महीप निगम ने किया.

## कावड़ यात्रियों का स्वागत, बांटी खिचड़ी



इंदौर. रविवार को ग्राम सोलसिंदा धरमपुरी में अंकुर रिहेब सेंटर के पास कावड़ यात्रियों को स्वागत किया गया. श्रद्धालु महिलाओं एवं पुरुषों ने खलघाट स्थित मां नर्मदा के तट से पवित्र जल भरकर कावड़ यात्रा उज्जैन पहुंच रहे है. यात्रा में सैकड़ों श्रद्धालु बोल बम के जयघोष के साथ झूमते-गाते हुए शामिल हुए. रास्ते भर जगह-जगह श्रद्धालुओं का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया. इस अवसर पर ग्रामवासियों में भारी उत्साह और श्रद्धा का माहौल देखा गया। धरमपुरी में पांडल लगाकर सेवकों ने कांवड़ियों को दो सौ क्विंटल खिचड़ी, पांच हजार फरियाली मिक्चर, डेढ़ सौ दर्जन केले, 3,600 पानी की बोटलें कांविडयों को वितरित की. इस मौके पर श्री वसंत इंजीयिरिंग से रितेश व्यास, सोनाली व्यास, हेमंत व्यास, दीया व्यास, हार्दिक व्यास, आलोक, रवि भदौरिया व संजय सिंह कुशवाह, लाखनसिंह पंवार, ईश्वर सिंह पंवार, अनिल माली, नंदकिशोर जाट, विष्णुसर सोनी, गोवर्धन सर बोरवाल व हंसराज बन्ना ओर उनकी टीम कांविडयों की सेवा में सहयोग प्रदान किया.

## सावन में यशुदास-लता-मुकेश-रफी के गीतों की झड़ी

इन्दौर. गोविन्दा-गोपाला म्युजिक ग्रुप उषानगर के कलाकारों ने सावन के महिने में गीतों की झड़ी से उपस्थित गीत-संगीत प्रेमियों का मन मोह लिया. इन्दौर प्रेस क्लब के राजेन्द्र माथुर सभागृह में जिद ना करो, अब तो रूको बैनर के तले गीतों की प्रस्तुति में गोपाल पांचाल ने यशुदास के गीत ये रात ना आएगी, चुरा न ले तुमको मौसम ये सुहाना की प्रस्तुति से मन मोह लिया. उनका साथ मंगला जैन ने दिया. देखा एक ख्वाब तो ये सिलसिले हुए कमल चौहान और अनीता चौहान ने प्रस्तुत किया. रिमझिम के गीत सावन गाये रफी के गीत को मनोहर कलम बेलकर ने प्रस्तुति दी. बरखा रानी जरा जम के बरस गीत को महेश पलोड़ ने स्वर दिये. पतझड़ सावन बसंत बहार की प्रस्तुति अनिल यादव और मीना सिसोदिया ने देकर श्रोताओं को आल्हादित किया. इस अवसर पर सीनियर आयोजक कमल चौहान एवं अनिता चौहान का अभिनंदन किया गया.



## ग्रामीणों के साथ किया पौधारोपण



इंदौर. आईटी कंपनी वाईजहाइव इंडिया ने अपने अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ ग्राम सेजवानी में ग्रामवासियों के साथ पौधारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया. बरसते पानी मे सभी ने बढ़चढ़कर स्वयं गड्ढे किये और पेड़ लगाए. कंपनी के ऑपरेशन्स हेड सुनील चतुर्वेदी ने कहा कि पौधारोपण एक महत्वपूर्ण गतिविधि है जो पर्यावरण को संतुलित और स्वस्थ बनाने में मदद करती है. पेड़ वायु प्रदूषण को कम करते हैं और ऑक्सीजन प्रदान करते हैं. पौधरोपण वर्षा को बढ़ावा देता है और जलवायु परिवर्तन को कम करने में मदद करता है. इस अवसर पर कंपनी के वरिष्ठ इंजीनियर अनुराग अग्रवाल, रोषित जैन, उपेंद्र जरिया, लखन राठौर और एडमिन के महेश रसाल, श्रेया सुरेश, अंशी झा, धर्मेश दीनदयाल ने कहा कि हम सभी वृक्षारोपण के महत्व को समझें और अपने पर्यावरण को बचाने के लिए मिलकर काम करें. कंपनी के सीईओ रविंदर गुजराल, और ऑपरेशन्स हेड सुनील चतुर्वेदी, सीनियर अधिकारी मीतेश झा और एच आर आस्था नागर ने इस कार्य के लिये सभी के योगदान की प्रशंसा की.

## पॉलीराज की डीलर कॉन्फ्रेंस संपन्न

इंदौर. देश की अग्रणी पाइप और वॉटर टैंक की मैनुफैक्चरिंग कम्पनी पॉलीराज पाइप्स ने इंदौर में लार्ज डीलर डिस्ट्रीब्यूटर कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया, जिसमें देश भर के लगभग 300 से ज्यादा डीलर्स और डिस्ट्रीब्यूटर्स ने भाग लिया. कम्पनी के मैनेजिंग डायरेक्टर प्रवीण अग्रवाल ने बताया कि हाल ही में भारत सरकार के टेलीकॉम विस्तारीकरण के क्षेत्र भारत नेट-3 के तहत कई बड़े समूहों को, जिसमें रेल विकास निगम, पॉलीकेब और नागार्जुन कंस्ट्रक्शन शामिल हैं, को अगले तीन वर्षों तक अपने उत्पाद पी एल बी डक्ट का सप्लाई करेगी, जिसके अनुबंध हो चुके हैं. पॉलीराज प्लास्टिक के कई नए प्रोडक्ट्स का निर्माण करेगी ताकि एक छत के नीचे सभी उत्पादन उपलब्ध हो सकें. कम्पनी के डायरेक्टर द्वय आर्यमान राज अग्रवाल और अंशुमान राज अग्रवाल ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी के विज़न मेक इन इंडिया के तहत अन्य क्षेत्रों में भी विस्तार करेगी और कहा कि शीघ्र ही उत्तर प्रदेश और कर्नाटक में प्लांट लगाने की योजना है. डीलर्स के साथ हुई मीटिंग के प्रारंभ में मार्केटिंग हेड उमेश द्विवेदी ने समूह के बारे में विस्तार से जानकारी दी. अधिकतम विक्रय करने वाले डीलर्स डिस्ट्रीब्यूटर्स को अवॉर्ड और प्रशस्ति पत्र दिए गए.

## बकैती का ट्रेलर रिलीज़!

इंदौर. कभी-कभी सबसे छोटे घरों में सबसे बड़ी कहानियाँ बसती हैं. इसी सच्चाई को अपनाते हुए जी5 अपनी नई स्लाइस-ऑफ-लाइफ ओरिजिनल सीरीज़ बकैती लेकर आ रहा है. डाइस मीडिया द्वारा निर्मित इस सीरीज़ से शीबा चड्ढा और राजेश तैलंग एक बार फिर माता-पिता की भूमिका में अपनी बहुप्रतीक्षित वापसी कर रहे हैं. आज रिलीज़ हुए ट्रेलर में दोनों की सहज ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री की झलक देखने को मिलती है, जो देखने वालों के लिए एक खास अनुभव बन जाती है. बकैती की कहानी मध्य वर्ग परिवार की उस सच्चाई को खूबसूरती से दर्शाती है, जहाँ नोकझोंक, मज़ाक-मस्ती और हल्की-फुल्की तकरारें भी प्यार जताने का एक तरीका होती हैं. कावेरी दास, बिज़नेस हेड जी5 हिंदी ने कहा जी5 में हमारा हमेशा से मानना रहा है कि सबसे प्रभावशाली कहानियाँ हमारी रोज़मर्रा की ज़िंदगी में ही छिपी होती हैं. बकैती भारतीय मध्यवर्गीय परिवार, उसकी अराजकता, संघर्ष और नि:शर्त प्रेम का हृदयस्पर्शी प्रतिबिंब है.

# कुछ दिनों में शहर के अंदर दौड़ेगी 350 से ज्यादा ई बस

## पर्यावरण संरक्षण के लिए शहर में ई बसों का संचालन बढ़ाने की तैयारी

नव भारत न्यूज

**इंदौर. पर्यावरण संरक्षण के लिए शहर में ई बसों का संचालन बढ़ाने की तैयारी चल रही है. इसके तहत आगामी कुछ महीनों के अंदर शहर में 350 से ज्यादा ई बसें चलने लगेगी. ई-बसों के लिए शहर के अलग-अलग स्थानों पर 5 चार्जिंग स्टेशन विकसित किए जा रहे है, जिसमें से दो का काम चल रहा है और एक चार्जिंग स्टेशन पर वर्तमान में चल रही बसें चार्ज की जा रही है.**

स्मार्ट सिटी के तहत एआईसीटीएसएल द्वारा शहर में इलेक्ट्रिक बसें चलाई जाएगी. अभी 50 बसें चल रही है. बसों की संख्या में एआईसीटीएसएल 300 सौ बसों का इजाफा करने जा रहा है. प्रधानमंत्री ई बस योजना के तहत इंदौर को 150 बसें अगस्त में मिल जाएगी तथा 150 और बसों की मंजूरी पीएम ई बस योजना में मंजूरी मिल चुकी है. इस तरह कुल 350 ई बसें शहर में पर्यावरण संरक्षण और प्रदूषण को कम करने के लिए चलेगी. साथ ही जनता को भी ई बसों से यात्रा में आसानी होगी और लोक परिवहन को बढ़ावा मिलेगा. स्मार्ट सिटी द्वारा शहर के अलग अलग स्थानों पर 5 ई बस चार्जिंग स्टेशन विकसित किए जा रहे है. इसमें अभी सीपीडब्ल्यूडी रेसीडेंसी एरिया में एक स्टेशन 14 करोड़ के लागत से बन चुका है. इसी तरह निरंजनपुर और नयता मुंडला में 14-14 करोड़ की लागत से चार्जिंग स्टेशन का निर्माण करवाया जा रहा है. शेष दो एक धार रोड और राऊ के तरफ बनाया जाएगा. शहर के चारों तरफ चार्जिंग स्टेशन पर आई बसों के डिपो भी होंगे. दिनभर बसें चलने के बाद रात को उक्त चार्जिंग स्टेशन पर चार्ज होगी.




### अलग-अलग स्थानों से चलेगी बस

सबसे बड़ी खासियत यह है कि उक्त बसें अलग-अलग स्थानों से चलेगी, तो जनता को समय के साथ बस का इंतजार भी कम करना पड़ेगा. अभी एआईसीटीएसएल से चलने और डिपो पूर्वी क्षेत्र में होने कारण बसों को पश्चिम क्षेत्र में पहुंचने में समय लगता है. पश्चिम क्षेत्र में चार्जिंग स्टेशन और डिपो बनने से राहत मिल जाएगी.

### अभी तीन स्टेशन तैयार

स्मार्ट सिटी सीईओ दिव्यांकसिंह ने बताया कि अभी 30 और 150 बसें चलाई जाएगी. 150 बसों के मंजूरी मिल गई है. वो भी हमारे चार्जिंग स्टेशन विकसित होने के साथ मिल जाएगी. जल्दी ही चार्जिंग स्टेशन के सिविल और इलेक्ट्रिकल सिस्टम लगाने का काम शुरू हो जाएगा. स्मार्ट सिटी को चार्जिंग स्टेशन के लिए एमपीईबी से कनेक्शन का अप्लाय भी कर दिया है. अभी में तीन स्टेशन तैयार है और शेष दो ज़मीन मिलते ही काम शुरू कर देंगे.



## जन्माष्टमी के पहले इस्कॉन मंदिर सड़क करें तैयार : निगमायुक्त

नव भारत न्यूज

**इंदौर. नगर निगम आयुक्त ने आज शहर के पूर्वी क्षेत्र की निर्माणाधीन सड़कों का दौरा किया. दौरे के दौरान योजना 140 के जलजमाव का स्थाई समाधान करने के अधिकारियों को आदेश दिए. साथ ही इस्कान मंदिर की सड़क जल्दी बनाने के निर्देश दिए.**

आज निगम आयुक्त शिवम वर्मा ने शहर के जल जमाव क्षेत्र और निर्माणाधीन सड़कों का निरीक्षण किया. आयुक्त पहले झोन क्रमांक 19 स्कीम नंबर 140 में सड़क पर जल जमाव होने की जानकारी ली. इसके बाद जोनल अधिकारी को जल निकासी का स्थाई निराकरण करने के निर्देश दिए. इसके पश्चात आयुक्त वर्मा जोन क्रमांक 22 के अंतर्गत बायपास सर्विस रोड एवं इस्कॉन मंदिर एडवांस एकेडमी से निपानिया तक निर्माणाधीन सड़क का निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने सड़क निर्माण कंपनी को जन्माष्टमी के पहले इस्कॉन मंदिर सड़क तैयार करने के निर्देश दिए. मंदिर आने जाने वाले भक्तों को परेशानी नहीं हो. निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त अभय राजनगांवकर, अधीक्षण यंत्री डीआर लोधी, क्षेत्रीय झोनल अधिकारी एवं निगम कर्मचारी उपस्थित थे.



## हरियाली तीज पर पारंपरिक आयोजन

**इंदौर.** सिल्वर स्प्रिंग सोसायटी की सिल्वर संस्कृति समिति द्वारा रविवार को हरियाली तीज का पारंपरिक और भव्य आयोजन किया गया. आयोजन की थीम लहरियां रखी गई, जिसमें महिलाओं ने बंधेज परिधान और हरे रंग की विविध छटाओं के माध्यम से पारंपरिक सौंदर्य को आधुनिक प्रस्तुति के साथ अभिव्यक्त किया.

कार्यक्रम का संयोजन समिति की डायरेक्टर शारदा उपाध्याय, संध्या सक्सेना और पुष्पा तिवारी ने किया. सोसायटी की सक्रिय सदस्यों अर्चना गोयल और श्वेता श्रीवास्तव ने आयोजन में विशेष सहयोग प्रदान किया. कार्यक्रम की प्रभावशाली सूत्रधार और मंच संचालन की भूमिका रजनी खेतान ने निभाई.

हरियाली तीज के इस आयोजन में लोकगीतों पर नृत्य, पारंपरिक वेशभूषा प्रतियोगिता और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने समां बांध दिया. बेस्ट थीम ड्रेस, पारंपरिक साज-सज्जा, और लोकनृत्य प्रतिभा जैसी श्रेणियों में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया. विजेताओं को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया. संपूर्ण कार्यक्रम में नारी सशक्तिकरण, संस्कृति के प्रति सम्मान और सामुदायिक सौहार्द की भावना मुखर होकर सामने आई.

## स्वच्छता के साथ यातायात में नंबर वन इंदौर बनाने की मुहिम शुरू

▶ महापौर और विधायक ने बाइक चलाकर दिया संदेश

नव भारत न्यूज

**इंदौर. स्वच्छता के साथ इंदौर को यातायात सुधार में भी नंबर वन बनाने के लिए मुहिम शुरू हो गई है. इसको लेकर आज महापौर ने बाइक चलाकर शहर को यातायात व्यवस्था सुधारने का संदेश दिया. महापौर ने ट्रैफिक मित्र अभियान को लेकर आज सुबह बाइक राइड का आयोजन किया.**

महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने स्वच्छता के साथ ट्रैफिक सुधार में भी नंबर वन बनाने की मुहिम शुरू कर दी है। आज विजय नगर से राजीव गांधी सर्कल और फिर वापस विजय नगर तक बाइक रैली निकाली। उक्त यातायात व्यवस्था सुधार बाइक रैली में सैकड़ों बाइकर्स ने हिस्सा लिया। खास बात यह है कि अभियान में आम जनता के साथ-साथ जनप्रतिनिधि ने भी भाग लिया. इस दौरान महापौर भार्गव ने स्वयं और साथ में विधायक रमेश मेंदोला ने बाइक चलाई. इस राइड के सूत्रधार रहे ऋषभ बागोरा, जिन्होंने शहर के नायक राइडर्स को एकत्र कर इस आयोजन को सफल बनाया.



### देश का रोल मॉडल बनना है : महापौर

आयोजन पर महापौर ने कहा कि इंदौर को स्वच्छता के साथ हमें यातायात व्यवस्था में देश का रोल मॉडल बनना है. ट्रैफिक मित्र अभियान इसी दिशा में एक मजबूत कदम है, जिसमें 1000 से ज़्यादा वॉलंटियर्स शहर को जागरूक कर रहे हैं.

## सावन की अगवानी में राजसी श्रृंगार में सज धज कर आई सखियां

### 'लव यू जिंदगी' कार्यक्रम में हुई शामिल, जीते विभिन्न स्पर्धाओं में पुरस्कार

नव भारत न्यूज

**इंदौर. 'लव यू जिंदगी' में 100 से अधिक सखियों ने महिला प्रकोष्ठ अग्रवाल समाज केन्द्रीय समिति के तत्वावधान में पालदा तीन इमली स्थित एक होटल के सभागृह में सावन की अगवानी में शाही और रंगारंग दावत का जमकर लुत्फ उठाया. कार्यक्रम के लिए सखियां राजकुमारियों, महारानियों और परियों की तरह सज-धजकर आई और अपनी भाव भंगिमाओं से भी कुछ इस अंदाज में रेड कार्पेट वॉक में शामिल हुई कि हर कोई मंत्र मुग्ध हो बैठा.**

प्रकोष्ठ की प्रमुख प्रतिभा मित्तल ने बताया कि सभी सखियों ने पूरे जोश एवं उत्साह के साथ सभी गतिविधियों में अपनी भागीदारी दर्ज कराई, इनमें महारानी के सोलह श्रृंगार के लिए पहले ग्रुप में गरिमा, शीतल, निकिता, राखी और रेणु, दूसरे ग्ररुप में निक्की, किरण, सुनीता, अलका, अंजलि, सरिता और स्वाति शामिल हुए. महारानी की तरह रेड कार्पेट वॉक और रेम्प पर चलने में शीतल और प्रियंका, राजसी क्वीज में वंदना, प्रवीणा, निलिमा और स्वाति विजेता रहे. म्युजिकल तम्बोला भी आज के इस कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण था. इसमें सुनीता पारेख के आतिथ्य में सखियों ने अनेक पुरस्कार भी जीते और आनंद भी लिया. लगभग तीन घंटे चली इस दावत के दौरान सखियों ने रूठे हुए इंद्र देवता को मनाने के लिए शिवजी और वरूण देवता की पूजा-अर्चना भी और विभिन्न स्पर्धाओं के माध्यम से अपनी प्रतिभा और हुनर का भी दिलचस्प प्रदर्शन किया. समूचा आयोजन रॉयल अफेयर थीम पर आधारित रहा, जिसमें लगभग सभी व्यवस्थाएं शाही शान-ओ-शौकत के साथ की गई थी.



### राखी के स्टाल लगाए

ग्रुप की निकिता बंसल एवं अंजलि अग्रवाल के सहयोग से इस मौके पर सखियों के लिए राखी के विशेष शॉपिंग स्टाल भी सजाए गए थे, जिनमें सखियों ने जोरदार दिलचस्पी के साथ भाग लिया. विजेता सखियों को आकर्षक पुरस्कार भी दिए गए. लकी ड्रा में अंजलि, गायत्री पालीवाल, नीलम देसाई, निकिता, मीना गर्ग एवं वैशाली अग्रवाल ने बाजी मारी.

## बच्चों ने किया मानसिक गणना कौशल का प्रदर्शन


▶ यूसीमास मप्र द्वारा राज्य स्तरीय लिसनिंग प्रतियोगिता का आयोजन

नवभारत न्यूज

**इंदौर. यूसीमास मध्यप्रदेश द्वारा राज्य स्तरीय लिसनिंग प्रतियोगिता एवं ग्रेजुएशन सेरेमनी का आयोजन फीनिक्स सिटाडेल हॉल में किया गया. कार्यक्रम में पूरे प्रदेश से लगभग 300 विद्यार्थियों ने भाग लिया और अपनी मानसिक गणना क्षमताओं का प्रदर्शन किया.** प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों को उनकी उम्र और स्तर के अनुसार विभिन्न श्रेणियों में विभाजित किया गया, जिसमें प्रत्येक ग्रुप से एक-एक चैंपियन का चयन किया गया.

प्रतियोगिता में ऑडियो के माध्यम से गणितीय प्रश्न सुनाए गए, जिनका उत्तर छात्रों को तुरंत उत्तर-पत्र पर देना होता था. यह अभ्यास उनकी सुनने की क्षमता, एकाग्रता और तीव्र गणना कौशल को परखने के लिए किया गया। प्रतियोगिता में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों में तनिष्क अग्रवाल, पार्थ कचेला, आदित्य कुमार जैन, वैदेही राठौर, युवराज देवड़ा, रुद्र शर्मा, अनिशा पोर्वाल और जविंदर सिंह को चैंपियन घोषित किया गया. कार्यक्रम के दूसरे सत्र में यूसीमास कोर्स पूर्ण कर चुके लगभग 350 छात्रों को ग्रेजुएशन प्रमाण-पत्र और मेडल प्रदान किए गए. इस आयोजन में यूसीमास मध्यप्रदेश की राज्य टीम, फ्रेंचाइजी प्रतिनिधि, प्रशिक्षक तथा बड़ी संख्या में अभिभावकों की उपस्थिति रही. आयोजन का उद्देश्य बच्चों की मानसिक क्षमता, स्मरण शक्ति, आत्मविश्वास और एकाग्रता को सशक्त करना रहा.



### समग्र मानसिक विकास का प्रभावशाली टूल

यूसीमास मध्यप्रदेश के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर नीरज गोयल ने कहा कि यूसीमास केवल गणित सीखने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह बच्चों के समग्र मानसिक विकास का प्रभावशाली टूल है. यह प्रोग्राम बच्चों की स्मरण शक्ति, ध्यान केंद्रित करने की क्षमता, कल्पनाशक्ति और आत्मविश्वास को उल्लेखनीय रूप से बढ़ाता है.

## शुभ दिन आज बनरा बन आये राम

▶ शास्त्रीय गायिका वैभवी देशपांडे का मधुर गायन

**इंदौर. श्रीनाथ मन्दिर के दरबार में इंदौर शहर की उभरती शास्त्रीय गायिका वैभवी देशपांडे का शास्त्रीय-उप शास्त्रीय माधुरी गायन हुआ.**

शास्त्रीय गायिका शालिनी दहीगांवकर और डॉ. शोभा चौधरी की शिष्या वैभवी ने संत ज्ञानेश्वरी, तुकाराम के अभंग और मीरा, सूरदास के भक्ति पद सुनाकर सबको भाव विभोर का दिया. वैभवी की दमदार प्रस्तुति की शुरूआत राग बिहाग से हुई. इस राग में वैभवी ने-रामरंग की सुंदर रचना-शुभ दिन आज बनरा बन आए राम को पुरजोर आवाज में गाया। वैभवी ने बड़ा ख्याल और छोटा ख्याल के साथ सुंदर प्रस्तुति दी. उसके बाद वैभवी ने संत ज्ञानेश्वरी का अभंग अरे अरे ज्ञाना झाला सी पावनको पुरजोर आवाज में गाया. वैभवी ने समापन भीम पलासी राग मजेह नाथ देहचे धीने... से किया. यह जानकारी देते हुए प्रवीण जोशी ने बताया कि हारमोनियम पर संगत सुयश राजपूत और तबले पर संगत धवल परिहार ने दी.



अतिथि स्वागत विनय जोशी, अमोल और श्रीमती सुलभा आपटे ने किया. स्वागत भाषण और संचालन किया डॉ. संदीप तारे ने. संस्थान के सचिव संजय गो. नामजोशी ने बताया कि हर माह के दूसरे या तीसरे शनिवार की शाम को श्रीनाथ मन्दिर में शास्त्रीय गायन का कार्य क्रम आयोजित किया जाता है.

एक नजर में | डॉ. द्विवेदी के एनीमिया मुक्त भारत अभियान में एक और बड़ी सफलता

## अप्लास्टिक एनीमिया से पीड़ित लालाराम को होम्योपैथी उपचार ने दी नई जिंदगी

**इंदौर.** एक समय था जब मेरा हीमोग्लोबीन मात्र 6-7 ग्राम और प्लेटलेट्स 10-15 हजार के बीच रहते थे. देश के कई प्रमुख डाक्टर्स को दिखाया, हर कोई यह कहता कि अब इसका इलाज संभव नहीं है. इस कारण जीवन में अंधकार गहराता जा रहा था. लेकिन इसी बीच इंदौर में होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. ए.के. द्विवेदी द्वारा दिए गए होम्योपैथिक उपचार ने मुझे नई जिदंगी दे दी. अब मैं पूरी तरह स्वस्थ हूं और सभी को धूम्रपान नहीं करने की सलाह देता हूं.

यह कहना है जयपुर निवासी 65 साल के लालाराम यादव का जो अप्लास्टिक एनीमिया जैसी जानलेवा बीमारी से ग्रसित थे. लालाराम बताते हैं कि बोन मैरो की जांच से पुष्टि हुई और पता चला कि उन्हें अप्लास्टिक एनीमिया हैं. देश के अनेक विशेषज्ञ डॉक्टर्स ने उपचार में असमर्थता जताई. इसी बीच इंदौर के एडवांस्ड होम्यो हेल्थ सेंटर और होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. एके द्विवेदी जी के बारे में पता चला. तो संपर्क कर इंदौर पहुंचे. डॉ. द्विवेदी जी ने सभी जांच रिपोर्ट को गहराई से अध्ययन किया और होम्योपैथिक उपचार प्रारंभ कर दिया. डॉ. द्विवेदी ने मुझे होम्योपैथिक उपचार के साथ ही भावनात्मक रूप से हिम्मत भी दी और जीवन का भरोसा दिया. होम्योपैथिक उपचार के बाद अब मेरी रक्त जांच की रिपोर्ट्स सामान्य है और बिना किसी दवा के सामान्य जीवन जी रहा हूं. लालाराम यादव कहते हैं कि एक समय था मैं धूम्रपान (बीड़ी) का आदि था जिससे मेरा प्लेटलेट्स कम हो गया और मुझे नाक व मुंह से बार-बार ब्लीडिंग होती थी. लेकिन डॉ. द्विवेदी से होम्योपैथिक उपचार लेने के बाद मैंने धूम्रपान जैसी बूरी लत को पूरी तरह से छोड़ दिया है और अब मैं दूसरों को भी धूम्रपान से दूर रहने की सलाह देता हूं.



### सैकड़ों रोगियों पहुंचा चुके हैं राहत डॉ. द्विवेदी

एडवांस्ड होम्यो हेल्थ सेंटर इंदौर के वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. ए.के. द्विवेदी, जो आयुष मंत्रालय की केंद्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद नई दिल्ली के वैज्ञानिक सलाहाकर बोर्ड के 2015 से लगातार सदस्य है. वे 27 सालों से अप्लास्टिक एनीमिया पर गहन होम्योपैथी चिकित्सा एवं शोध कर रहे हैं. उनके द्वारा दिए जाने वाले 50 मिलिसिमल पोटेंसी की होम्योपैथिक उपचार से अब तक सैकड़ों रोगियों को राहत मिली है. वहीं कई रोगी पूर्णत- स्वस्थ होकर बिना किसी दवा के सामान्य जीवन जी रहे हैं. वहीं डॉक्टर ए.के. द्विवेदी का एनीमिया मुक्त भारत अभियान आज जन स्वास्थ्य की दिशा में एक अभिनव पहल बन चुका है.

### क्या है अप्लास्टिक एनीमिया

अप्लास्टिक एनीमिया एक गंभीर रक्त विकार है. यह रोग अस्थि मज्जा (बोन मैरो) में रक्त कोशिकाओं के निर्माण को बाधित करता है. जिससे शरीर में आरबीसी, डब्ल्यूबीसी और प्लेटलेट्स की भारी कमी हो जाती है. इस रोग के दौरान ऑक्सीजन की कमी, संक्रमण का खतरा, रक्तस्त्राव की आशंका और मौत तक का कारण बन सकता है।